सीसीटीएनएस/ई मेल/फैक्स

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर लखनऊ–226006

पत्रांक: टीएस–सीसीटीएनएस–93/2015 दिनांक:लखनऊ:अक्टूबर 12,2017

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक,
समस्त जोन उत्तर प्रदेश।

पुलिस महानिरीक्षक रेलवेज,
लखनऊ, इलाहाबाद।

विषय :– CIPA योजना के अन्तर्गत प्रदान किये गये कम्प्यूटर हार्डवेयर के अक्रियाशील होने के कारण जनपद व जीआरपी स्तर से 615 अदद नये हार्डवेयर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ:– इस मुख्यालय का समांक पत्र दिनांकित: 07–10–2017

उपरांकित पत्र में वर्णित निर्देश के अनुसार CIPA योजना के अन्तर्गत 49 जनपदों हेतु निर्धारित संख्यावार कुल–550 अदद कम्प्यूटर हार्डवेयर, इसके अतिरिक्त 65 जीआरपी थाने हेतु प्रत्येक को 01 अदद कम्प्यूटर कुल–65 अदद कम्प्यूटर हार्डवेयर तथा तकनीकी सेवायें स्तर से उक्त प्रयोजन हेतु 81 अदद अदद कम्प्यूटर हार्डवेयर क्रय किया जाना है।

2– समसंख्यक पत्र दिनांक 07 अक्टूबर, 2017 में विस्तृत सूची प्रेषित की जा चुकी है।

3– उक्त क्रय कार्यवाही की कार्य–योजना हेतु निर्धारित टाइम–लाइन का अनुपालन सर्वोच्च प्राथमिकता पर कराया जाय:–

क्रम	टाइम लाइन	कार्य–योजना
1.	05 दिवस में	जेम (GeM) यूजर बना लिया जाय।
2.	अगले 03–05 दिवस में	जेम (GeM) पर आर्डर प्लेस कर लिया जाय।
3.	अगले 20 दिवस में	हार्डवेयर की डिलीवरी प्राप्त कर ली जाय
4.	अगले 05–10 दिवस में	हार्डवेयर का तकनीकी परीक्षण पूर्ण कर लिया जाय

5.	अगले 05 दिवस में	भुगतानादेश निर्गत कर दिये जॉय।
6.	अगले 05 दिवस में	भुगतानादेश, फर्म का बिल बाउचर मुहर सहित मूल 03 प्रतियों में, बैंक विवरण जैसे बैंक का नाम/पता, खाते के प्रकार, खाता संख्या, एकाउण्ट पेयी नेम, आई0एफ0एस0 कोड, स्वीफ्ट कोड इत्यादि, पैन /टैन/टिन/जीएसटी नंम्बर, स्टाक इन्ट्री सहित प्रपत्र सुरक्षित रूप से उपलब्ध करा दिये जायें।

4— अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक जोन उत्तर प्रदेश तथा पुलिस महानिरीक्षक रेलवेज उत्तर प्रदेश स्तर से उक्त क्रय का अपने स्तर से जोनवार अनुश्रवण करते हुए पत्र में वर्णित निर्देशों का वित्तीय हस्तपुस्तिका, शासनादेश, मितव्ययिता के निर्देश, उ0प्र0पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद, जेम पोर्टल पर सामग्री क्रय एवं सेवाओं की आपूर्ति हेतु दिशा—निर्देश के अधीन रहते हुए क्रय की कार्यवाही दृढ़ता से सम्पादित कराना सुनिश्चित कराते हुए प्रत्येक 15 दिवस में उक्त अवधि में टाइम लाइन के अनुसार कार्यवाही पूरी की जा रही है या नहीं, अनुपालन की आख्या उपलब्ध करायी जाय।

12/10

(महेन्द्र मोदी)
पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उ0प्र0,
लखनऊ

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4. समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश। (Email)
5. समस्त पुलिस उप महानिरीक्षक, रेलवेज उत्तर प्रदेश।
6. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक उत्तर प्रदेश। E-mail
7. समस्त पुलिस अधीक्षक, रेलवेज उत्तर प्रदेश।
8. श्री रामदूत सिंह, प्रोग्रामर ग्रेड—2, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ को तकनीकी सेवायें स्तर पर निर्धारित संख्या में क्रय किये जाने वाले कम्प्यूटरों के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही निर्धारित अवधि में पूर्ण किये जाने हेतु।
9. वेबसाइट को ई—मेल, साइट पर अपलोड किये जाने हेतु।